# कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर

मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर।
Website: www.mdamuzaffarnagar.com & Email : mdamzn@yahoo.co.in
Ph. 0131-2621922 Fax. 0131-2620859

पत्रांक- 4731 मु०वि०प्रा०–नि०वि० / 2025–26 दिनांकः 31/10/25

**अल्पकालीन ई–निविदा आमन्त्रण सूचना**

विकास प्राधिकरण मुजफ्फरनगर के क्षेत्रान्तर्गत मुजफ्फरनगर जनपद में महावीर चौक के पास राजकीय इण्टर कॉलेज परिसर में खाली पडी 10,000.00 वर्गमी० भूमि पर 800 व्यक्तियों की क्षमता का ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य हेतु राजकीय विभागों में उपयुक्त श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो एवं राजकीय संस्थाओं से सपठित नियम शर्तों के अधीन अल्पकालीन ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये (जीएसटी सहित) | ई–निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की प्रारम्भिक तिथि | ई–निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | ई–निविदा खोलने की तिथि व समय | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | टू–बिड पद्धति से | | | | | | | | |
| 1 | विकास प्राधिकरण मुजफ्फरनगर के क्षेत्रान्तर्गत मुजफ्फरनगर जनपद में महावीर चौक के पास राजकीय इण्टर कॉलेज परिसर में खाली पडी 10,000.00 वर्गमी० भूमि पर 800 व्यक्तियों की क्षमता के ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य। | 2213.39 | 44.27 | 11,800 | 31.10.2025 | 13.11.2025 (सायं 05:00 बजे) | 14.11.2025 (अपराह्न 2:30 बजे) | 02 वर्ष | ए ए |

शर्तें:–

1. निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि केवल RTGS/NEFT के माध्यम से निविदा प्रपत्र मे उल्लेखित बैंक खाता संख्या– 2514000100237595 आई०एफ०एस०सी० कोड– PUNB0251400 में उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर के नाम से जमा करायी जायेगी।
2. ई–निविदा प्रपत्र बेवसाईट https://etender.up.nic.in पर देखे जा सकते है। इच्छुक निविदादताओं से अनुरोध है कि वे नियमित रुप से उक्त वेबसाइट को देखते रहे। निविदाओं के सम्बन्ध में कोई परिवर्तन/परिवर्धन विषयक सूचना वेबसाइट पर ही उपलब्ध करायी जायेगी।
3. निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकार करने या अनुबन्ध करने के लिये उचित शर्तें तय करने का अधिकार उपाध्यक्ष, मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर में निहित है।
4. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
5. बिड के साथ ई–निविदा प्रकाशन की तिथि के बाद के दिनांक का धरोहर राशि व निविदा मूल्य के RTGS प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत फर्म द्वारा कार्य के सापेक्ष समान स्तर के कार्य का विगत 05 वर्षो के अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे।
7. निविदादाता ई–निविदा अपलोड करते समय ई–निविदा प्रपत्र बेवसाईट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड कर ई–निविदा की तकनीकी बिड के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा तथा कार्य के विषय में विस्तृत शर्तो एवं अन्य विवरण प्राधिकरण के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।
8. ई–निविदा की वैद्यता 120 दिन की होगी। निविदादाता को इस आशय का शपथ–पत्र संलग्न करना होगा।
9. केवल तकनीकी रूप से सफल निविदादाताओं की वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
10. किसी भी कार्यदायी संस्था से ब्लैक लिस्ट न होने का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
11. न्यूनतम/सफल निविदादाता द्वारा अनुबन्ध से पूर्व नियमानुसार सिक्योरिटी/परफोरमेंस गारन्टी एवं अतिरिक्त परफोरमेन्स गारन्टी प्राधिकरण में जमा करनी होगी।
12. अन्य विभागों में समान लागत के कार्य करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो द्वारा निविदाओं में प्रतिभाग करने पर सफल निविदादाता को प्राधिकरण में पृथक से पंजीकरण शुल्क जमा कर कार्यादेश निर्गत होने के उपरान्त नियमानुसार पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। यह शर्त राजकीय विभागों पर मान्य नही होगी।

13. उपयुक्त श्रेणी के कार्यों के सापेक्ष प्राधिकरण में पंजीकरण कराने हेतु श्रेणी, वित्तीय क्षमता एवं हैसियत प्रमाण पत्र का विवरण निम्नवत् है:–

| श्रेणी | लागत राशि (रूपये में) | वित्तीय क्षमता का प्रमाण पत्र बैंक से | हैसियत प्रमाण पत्र जिलाधिकारी स्तर का | आवश्यक अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| ए ए श्रेणी | 150 लाख से ऊपर | रू० 75 लाख | रू० 25 लाख | गत पॉच वर्षो में किये गये कम से कम 01 कार्य जिसकी कुल वेल्यू, बिड वेल्यू के 80 प्रतिशत के बराबर हो या 02 कार्य जिनकी प्रत्येक की वेल्यू, बिड वेल्यू के 60 प्रतिशत के बराबर या उससे अधिक हो। |

14. कार्य के विषय में विस्तृत शर्तो एवं अन्य विवरण प्राधिकरण के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में एवं प्राधिकरण की वेबसाईट www.mdamuzaffarnagar.com पर देखी जा सकती है।
15. विद्युत सम्बन्धित कार्य हेतु विद्युत विभाग का "ए" श्रेणी का पंजीकरण/लाईसेन्स प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
16. उक्त कार्य की अनुरक्षण अवधि 03 वर्ष होगी।
17. सफल निविदादाता को रू० 100 के स्टाम्प पेपर पर यह शपथ पत्र देना होगा कि ठेका अनुबन्ध पर देय स्टाम्प शुल्क के सन्दर्भ में यदि मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा विशेष अनुज्ञा याचिका में शासन के पक्ष में निर्णय पारित किया जाता है तो उनके द्वारा ठेका अनुबन्ध पर अवशेष एक सौ रूपये से अधिक देय स्टाम्प शुल्क का भुगतान कर विभाग के लेखा शीर्षक में जमा कर दिया जायेगा।
18. सफल निविदादाता द्वारा निर्धारित प्रारूप पर रू० 100 के स्टाम्प पेपर पर मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के साथ Notrized अनुबन्ध करना होगा।

Digitally signed by
VINEET AGARWAL
Date: 31-10-2025
15:04:32

**अधिशासी अभियन्ता**
मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण।
मुजफ्फरनगर

प्रतिलिपि:–
1. उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, मु०नगर को अवलोकनार्थ।
2. सचिव, विकास प्राधिकरण, मु०नगर को सूचनार्थ।
3. वित्त एवं लेखाधिकारी, विकास प्राधिकरण, मु०नगर को सूचनार्थ।
4. अवर अभियन्ता (तकनीकी) विकास प्राधिकरण, मु०नगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित की वे अपने स्तर से तत्काल सम्बन्धित कार्य निविदा/बी०ओ०क्यू० सम्बन्धित एजेन्सी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।
5. सम्बन्धित कम्प्यूटर सहायक को इस समन्वय के साथ निविदा सूचना प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

**अधिशासी अभियन्ता**